दिन– मंगलवार दिनांक– 29 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में विशेष चर्चा का जवाब देते हुए कहा – ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। भारत किसी न्यूक्लियर धमकी को भी बर्दाश्त नहीं करेगा।

02. श्री मोदी ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना के पराक्रम ने पूरे देश को गौरवान्वित किया।

03. राज्य मंत्रिमंडल ने सफाई कर्मचारी आयोग के गठन को मंजूरी दी। पत्रकारों के पेंशन राशि को बढ़ाकर पंद्रह हजार रुपये प्रतिमाह करने के प्रस्ताव को भी मंजूर किया।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप का उद्घाटन किया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा का जवाब देते हुए श्री मोदी ने कहा कि आतंकवादियों और आतंक के आकाओं से निपटने की भारत की नीति बिल्कुल स्पष्ट है। किसी ने दुस्ससाहस की कल्पना भी की, तो उसे करारा जवाब मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत किसी न्यूक्लियर ब्लैकमेल को भी बर्दाश्त नहीं करेगा।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना के पराक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना को खुली छूट दी गयी और सेना ने वो कार्रवाई की कि आतंक के आकाओं की आज तक नींद उड़ गयी है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस समय लोकसभा में संबोधन जारी है।

---

इससे पूर्व, लोकसभा में विशेष चर्चा के दूसरे दिन आज गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कल ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सेना, सीआरपीएफ और

जम्मू–कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

–––बाइट–––

ऑपरेशन महादेव कल एक हुआ है, इसकी जानकारी देना चाहता हूं। माननीय अध्यक्ष जी कल ऑपरेशन महादेव में सुलेमान उर्फ फैजल, अफगान और जिब्रान तीन आतंकवादी सेना सीआरपीएफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में ऑपरेशन महादेव में मारे गए। माननीय अध्यक्ष जी ये जो सुलेमान है ये ए श्रेणी का लश्कर–ए–तैयबा का कमांडर था पहलगाम हमले में और गगनगीर आतंकी हमले में वो लिप्त था।

श्री शाह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मारा गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ संकल्प के साथ जवाबी कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक पूरा किया।

–––बाइट–––

मैं आज इस सदन के माध्यम से सेना के पैराफोर्स, सीआरपीएफ के सारे जवान जो अभियान में शामिल थे और जम्मू–कश्मीर पुलिस के जो जवान थे वो सभी को सदन और पूरे देश की ओर से बहुत–बहुत साधुवाद देना चाहता हूं।

श्री शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सात मई को शुरू किया गया और रात एक बजकर चार मिनट से एक बजकर चौबीस मिनट के बीच इसे संचालित किया गया। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन में पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया और एक सौ से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। गृह मंत्री ने जानकारी दी है कि कार्रवाई पाकिस्तान की सीमा के एक सौ किलोमीटर अंदर तक की गई और इस हमले में कोई भी पाकिस्तानी नागरिक नहीं मारा गया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाती है।

---

गृहमंत्री ने पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम की भी आलोचना की। श्री चिदंबरम ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों के पाकिस्तान से होने का सबूत मांगा था और पाकिस्तान को क्लीन चिट दे दी थी।

–––बाइट–––

ये कहते है कि पाकिस्तानी नहीं थे इसका मतलब पूरी दुनिया के सामने इस देश का एक पूर्व गृहमंत्री पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहा है। श्री चिदम्बरम अगर पाकित्स्तानी आतंकवादी नहीं थे, तो पाकिस्तान पर हमला क्यों किया, वो भी सवाल खड़ा कर रहे हैं और इस देश का गृह मंत्री जो कांग्रेस पार्टी से आता है वो कहता है कि क्या सबूत, पाकिस्तान को बचाने का इनका एक षडयंत्र आज 130 करोड़ लोग जान गए।

श्री शाह ने विपक्ष पर इस मुद्दे पर राजनीतिकरण करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की मारक क्षमताएं लगभग नष्ट हो जाने के बाद, उसके पास आत्मसमर्पण करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

गृहमंत्री ने बताया है कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने दस मई को भारत के डीजीएमओ को फ़ोन पर सम्पर्क किया और उसके बाद युद्धविराम की घोषणा की गई।

———————————————————

राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में नगर विकास और आवास विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के कल्याण, आर्थिक और सामाजिक विकास तथा अन्य पहलुओं पर सरकार को सलाह देगा। इस आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और पांच अन्य सदस्य होंगे।

———बाइट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के तहत मंत्रिमंडल ने सेवानिवृत्त पत्रकारों के लिए पेंशन राशि छह हजार रुपये से बढ़ाकर पंद्रह हजार रुपये प्रति माह करने के प्रस्ताव को भी मंजूर कर लिया है।

———बाइट———

कैबिनेट ने कुल इकतालीस प्रस्तावों पर अपनी मुहर लगाई है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वैशाली में पवित्र पुष्करणी तालाब और पौराणिक स्तूप के नजदीक बने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप का उद्घाटन किया। यह दुनियाभर के बौद्ध श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख स्थल बन गया है। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

कला संस्कृति एवं युवा विभाग के तहत बने इस बुद्ध स्मृति स्थल के निर्माण पर पांच सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। बहत्तर एकड़ भूखंड पर बने इस स्तूप में भगवान बुद्ध का पावन अस्थि कलश स्थापित किया गया है, जो स्मारक का प्रमुख केन्द्र बिन्दु है। भगवान बुद्ध का यह अस्थि अवशेष सबसे प्रमाणिक है। इसका उल्लेख चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी अपनी पुस्तक में किया है। उद्घाटन समारोह में पन्द्रह देशों के बौद्ध भिक्षु भी शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

———————————————————

दक्षिणी–पश्चिम मानसून की अतिसक्रियता से राज्य के अधिकांश भागों में मध्यम से भारी वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना के दानापुर में सबसे अधिक एक सौ पचासी दशमलव चार मिलीमीटर

बारिश रिकॉर्ड की गयी। विभाग ने कहा है कि आज वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया, मुंगेर जिलों में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की आशंका है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पटना, सारण, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, बांका और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

---बाइट---

---

राज्य के विभिन्न भागों में भारी बारिश के कारण गंगा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में एक बार फिर से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना और मुंगेर में बढ़ा है। पटना के गांधी घाट और हाथीदह में नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर को पार कर गया है। हमारे शिवहर संवददाता ने बताया है कि बागमती और लाल बकैय्या नदी के जलग्रहण क्षेत्र में बारिश के कारण जलस्तर में वृद्धि हुई है। बागमती नदी का जलस्तर डुब्बा धार में पचहत्तर सेंटीमीटर बढ़ा है। इधर, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान के निकट बना हुआ है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में चेतावनी स्तर को पार कर गया है। घाघरा, बागमती, कोसी, महानंदा और परमान नदी के जलस्तर में भी कई स्थानों पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी है।

---

पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना और आस–पास के क्षेत्रों में तेज वर्षा दर्ज की गयी। जिससे राजधानी के कई इलाकों भीषण जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, नगर विकास मंत्री जीवेश कुमार और नगर निगम के कई अधिकारियों ने आज राजधानी के गर्दनीबाग, मीठापुर, जक्कनपुर समेत विभिन्न इलाकों में जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया।

---

पटना जिले के मसौढ़ी अंचल कार्यालय से एक कुत्ते का आवास प्रमाण पत्र जारी किये जाने के मामले में दोषी कर्मी को निलंबति कर दिया गया है। वहीं, जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने कहा है कि डॉग बाबू के नाम से कुत्ते का निवास प्रमाण पत्र बनाने का कार्य जानबूझकर किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

---

पटना के मनेर से राजद विधायक भाई वीरेंद्र के खिलाफ एससी–एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। भाई वीरेंद्र के खिलाफ पंचायत सचिव संदीप कुमार को गाली–गलौज और धमकी देने के मामले से जुड़ा ऑडियो वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुंगेर जिला अंतर्गत सीतापुर मेला के पौराणिक और धार्मिक महत्ता को देखते हुए इसे राज्य मेले का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित अधिसूचना प्रारूप गठित किया गया है।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में विशेष चर्चा का जवाब देते हुए कहा – ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। भारत किसी न्यूक्लियर धमकी को भी बर्दाश्त नहीं करेगा।

02. श्री मोदी ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना के पराक्रम ने पूरे देश को गौरवान्वित किया।

03. राज्य मंत्रिमंडल ने सफाई कर्मचारी आयोग के गठन को मंजूरी दी। पत्रकारों के पेंशन राशि को बढ़ाकर पंद्रह हजार रुपये प्रतिमाह करने के प्रस्ताव को भी मंजूर किया।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप का उद्घाटन किया।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।